सं. 3/2/2017-नी. एवं यो. I

कर्मचारी चयन आयोग

<u>कांस्टेबल(सा.ड्यूटी) परीक्षा, 2018 के अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना</u>

केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण, एस.एस.एफ. में कांस्टेबल(सामान्य ड्यूटी) और असम राइफल्स में राइफलमैन(सामान्य ड्यूटी) परीक्षा,2018 के अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदनों के प्रस्तुतीकरण की सुविधा,जो कि 21.07.2018 से आयोग की नई वेबसाइट पर अभ्यर्थियों के लिए उपलब्ध की जानी थी, किसी बड़ी तकनीकी समस्या के कारण आरम्भ नहीं की जा सकी। विशेषज्ञ उक्त समस्या को दूर करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं तथा अपेक्षित सुविधा यथाशीघ्र शुरू हो जाएगी।

उपरोक्त परिस्थितियों के कारण, उक्त परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन के प्रस्तुतीकरण की सुविधा के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है तथा यह सुविधा अब दिनांक 24.07.2018 से आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। तद्नुसार, आवेदनों के प्रस्तुतीकरण की अंतिम तिथि 24.08.2018(सांय 5बजे) तक बढ़ा दी गयी है। भारतीय स्टेट बैंक के चालान के माध्यम से भुगतान भारतीय स्टेट बैंक की विनिर्दिष्ट शाखाओं में 28.08.2018 तक बैंक के कार्य समय के भीतर किया जा सकता है, बशर्ते कि चालान को आवेदनों की प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय अर्थात् 24.08.2018 (सांय 5बजे) से पूर्व तैयार कर लिया गया है। तथापि, अन्य निबंधन और शर्तें यथावत रहेंगी।

इस बीच, उक्त परीक्षा के लिए "एक-बारगी पंजीकरण" और आवेदनों के ऑनलाइन प्रस्तुतीकरण से संबंधित अनुदेशों को आयोग की वेबसाइट पर अपलोड किया जा रहा है। अभ्यर्थी अपेक्षित सूचना और दस्तावेजों को तैयार रखें, जिन्हें "एक बारगी पंजीकरण" के दौरान अपलोड किया जाना है। अभ्यर्थियों को हुई असुविधा के लिए खेद है।

अवर सचिव(नी.एवं यो. I)

22.07.2018